हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 5 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर वित्त मंत्री नाराज, तय होगा मंथली टारगेट





खबर संक्षेप

सीबीएसई नेशनल में ओपीएस के दो छात्र करेंगे पूर्वी भारत का प्रतिनिधित्व

अम्बिकापुर। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं के छात्र मो.हसनैन फिरदौसी पिता मो.इरफान फिरदौसी एवं अचिंत्य राजवाड़े पिता-मणिलाल राजवाड़े का चयन सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक हरियाणा के आरबीएसएम पब्लिक स्कूल भोंडसी में होगी। बालकों के अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग में मो.हसनैन 70-75 किलो भार वर्ग एवं अचिंत्य 57-60 किलो में खलेंगे। ज्ञात हो कि मो.हसनैन एवं अचिंत्य ने दिनांक 20/07/2026 से 24/07/2026 तक उड़ीसा के ज्ञप्पज इंटरनेशनल स्कूल, भुवनेश्वर में आयोजित सीबीएसई फॉर ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया था जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असम एवं वेस्ट बंगाल के सीबीएसई विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया था जबकि पांच स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक एवं पांच कास्य पदक प्राप्त कर ओपीएस ओवर ऑल स्कूल चैम्पियन बना। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थापक डॉ.आईए खान सूरी ने शुभकामनाएं दी है।

पार्वती कॉलेज में निकाली गई नशामुक्ति रैली

अम्बिकापुर। पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय में शनिवार को बीएड प्रशिक्षार्थियों ने नशामुक्ति रैली निकाला। रैली में महाविद्यालय से मदनपुर तक भ्रमण कर और लोगों को नशे से होने वाले बीमारियों के प्रति जागरूक किया तथा अपने आसपास के लोगों को नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षार्थियों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर गंदगी से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। रैली उपरांत महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई तथा पौधे लगाये गये। सभी ने नशामुक्ति की शपथ ली। इस दौरान अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, प्राचार्य डॉ.छवि रानी मंडल, प्रीति सोनी, उमेंद्र कुमार रवि, संतोष कुमार रानाडे, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती सुनिता राज, सुश्री निशा सरकार एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

मालवीय मिशन ने गांधी जयंती पर की विचार गोष्ठी

अम्बिकापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महामना मालवीय मिशन द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर विचार-गोष्ठी की। कार्यक्रम में हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रासंगिकता को आज भी पूरा विश्व स्वीकार करता है। उन्होंने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाया तथा इन्हीं मूल्यों के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा। गांधी जी की परिकल्पना ऐसे भारत की थी जिसमें शासन और समाज लोक कल्याण, नैतिकता तथा न्याय के मूल्यों पर आधारित हों। डॉ.बीके सिंह ने कहा कि शास्त्री जी जैसे ईमानदार और सादगीपूर्ण राजनेता का जीवन आज भी प्रेरणादायी है। शास्त्री जी का जीवन संघर्ष, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की अनेक प्रेरक घटनाओं से भरा है। हरिशंकर सिंह ने कहा कि महापुरूषों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए।

बैठक में संस्कृति के दस्तावेजीकरण पर हुई चर्चा

जनजातीय संस्कृति को संरक्षित रखना सबका दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परम्पराओं और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। हमारी संस्कृति और परम्पराएं हमारी पहचान हैं तथा इन्हें आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाना आवश्यक है। यह बात कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जनजातीय समाज की परम्पराओं पर आधारित पत्रिका 'धरोहर' के अनुमोदन को लेकर आयोजित बैठक में कही।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति केवल रीति-रिवाजों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सदियों का इतिहास, सामाजिक मूल्य, प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व और सामुदायिक जीवन की परम्परा समाहित है। आधुनिकता के दौर में इन परम्पराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'धरोहर' पत्रिका जनजातीय समाज की मौखिक एवं सांस्कृतिक विरासत को लिखित रूप में सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण पहल है। पत्रिका में समाज की पारंपरिक जीवनशैली, लोकगीत, लोकनृत्य, पर्व-त्योहार, सामाजिक परम्पराएं, लोककथाएं, पारंपरिक कला, वेशभूषा, आभूषण और खान-पान सहित संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को स्थान दिया जाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और विरासत से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। संस्कृति और परम्पराओं को सुरक्षित रखना केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। बैठक के अंत में डॉ. विजय रक्षित ने कलेक्टर श्री रोहित व्यास को अपनी पुस्तक 'पर्यटन का स्वर्ग-जशपुर' एवं 'नारी सौंदर्य का प्रतीक-गोदना' की प्रतियां भेंट कीं। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी श्री नरेंद्र सिन्हा ने आभार प्रदर्शन किया। जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों ने संस्कृति एवं परम्पराओं के संरक्षण के लिए प्रशासन और समाज के बीच इसी प्रकार के समन्वय को भविष्य में भी निरंतर बनाए रखने की आवश्यकता व्यक्त की।

युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ना जरूरी

बैठक में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि यदि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, इतिहास और परम्पराओं की जानकारी होगी, तो वे अपनी पहचान को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे और उसे आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने समाज के प्रतिनिधियों से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़ा समाज ही अपनी विरासत को मजबूती के साथ भविष्य तक पहुंचा सकता है।

समाज के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मस्के सहित जनजातीय समाज के प्रतिनिधि उमेश राम प्रधान, पुरुषोत्तम राम, रामप्रसाद नागेश, राधेश्वर राम प्रधान, रोपन राम अगरिया, सुखराम अगरिया, श्रीमती दीपावली अगरिया, शंकर राम बरला, रीना बरला, वीर सिंह, प्रहलाद नागेश और विनोद राम भगत सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. विजय रक्षित एवं डॉ. विनय तिवारी तथा सहयोगी के रूप में रूपेश पाणिग्राही एवं लक्ष्मी शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक में 'धरोहर' पत्रिका की विषय-वस्तु, स्वरूप एवं प्रकाशन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

बैठक में जनजातीय समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे। सदस्यों ने कहा कि जशपुर अंचल की जनजातीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध और विविधतापूर्ण है। यहां की पारंपरिक जीवनशैली में प्रकृति के प्रति सम्मान, सामुदायिक सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना प्रमुख रूप से दिखाई देती है। प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि 'धरोहर' पत्रिका में समाज के वरिष्ठजनों के अनुभवों, पारंपरिक ज्ञान और लोक स्मृतियों को भी स्थान दिया जाए, ताकि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां अपने पूर्वजों की जीवनशैली एवं ज्ञान परम्परा से परिचित हो सकें।

गहरे संबंध को किया जाए रेखांकित

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति का प्रकृति से गहरा संबंध रहा है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की परम्पराएं जनजातीय जीवन का अभिन्न हिस्सा रही हैं। पारंपरिक पर्व-त्योहार, विवाह संस्कार, लोकगीत, लोकनृत्य, गोदना, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, खान-पान और सामाजिक रीति-रिवाज आज भी समाज की विशिष्ट पहचान हैं। इन परम्पराओं को केवल मनोरंजन या पुरानी परम्परा के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान की महत्वपूर्ण विरासत के रूप में संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

कोकिया नाला में बन रहा उच्च स्तरीय पुल



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा पर तेजी से अमल करते हुए कोतबा–लावाकेरा मार्ग पर कोकिया नाला में 4 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य तेजी से जारी है,यह महत्वपूर्ण मार्ग ओडिशा झारखंड राज्य को सीधे जोड़ता है। पुल निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों और इस मार्ग से आवागमन करने वाले यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी साथ

■ आवागमन होगा सुगम और सुरक्षित

वर्तमान में कोकिया नाला पर सकरी पुल होने के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है तथा कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही जरूरत को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरायटोली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कोकिया नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की घोषणा की थी। घोषणा के बाद संबंधित विभाग द्वारा प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जो वर्तमान में तेजी से प्रगति पर है। जिले में आवागमन को बेहतर बनाने के लिए 22 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण हेतु लगभग 109 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इन पुलों के निर्माण से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा मजबूत होगी और बरसात के दौरान नदी-नालों के कारण होने वाली आवागमन संबंधी परेशानियों में भी कमी आएगी।

दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजन को मिली अनुकंपा नियुक्ति



जशपुरनगर। जशपुर पुलिस अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ पुलिस परिवार के कल्याण एवं उनके आश्रित परिजनों के प्रति मानवीय संवेदनशीलता के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में दिवंगत पुलिसकर्मियों के आश्रित परिजनों को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है।

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों के प्रति विशेष संवेदनशीलता रखते हुए उनके आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित विभागीय कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उनके निर्देशों के अनुरूप संबंधित विभागीय प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर दोनों आश्रितों को आरक्षक जीडी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। इनमें आरक्षक स्वर्गीय जगलाल राम के निधन के पश्चात उनकी पत्नी प्रियंका भगत को आरक्षक जीडी के पद पर एवं ⏭ शेष पेज 2 पर

नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई 9 माह में 1001 प्रकरण दर्ज

बलरामपुर। शराब के नशे में वाहन चलाकर सड़क पर खुद के साथ दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई की है। वर्ष के प्रथम नौ माह में पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वाले 1001 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए। इन मामलों में न्यायालय के माध्यम से कुल 1 करोड़ 13 लाख 15 हजार 400 रुपये समन शुल्क वसूला गया। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जिले में अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है।

करम-नवाखानी पर्व को लेकर ईसाई आदिवासी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



जशपुरनगर। करम तथा तुसगो, नवाखानी जैसे पारंपरिक जनजातीय पर्वों को ईसाई आदिवासी समुदाय द्वारा मनाए जाने पर आपत्ति किए जाने और समुदाय पर लगाए जा रहे आरोपों के विरोध में ईसाई आदिवासी महासभा छत्तीसगढ़ के महासचिव श्री अभिनन्द ख़लख़ो के नेतृत्व में महासभा के सदस्यों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, जशपुर को ज्ञापन सौंपा।

महासभा ने जिला प्रशासन से ईसाई आदिवासियों के संवैधानिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा करने तथा जिले में शांति और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। महासभा ने कहा कि जशपुर के ईसाई आदिवासी इसी क्षेत्र के मूल जनजातीय समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। ईसाई धर्म स्वीकार करने से उनके पूर्वजों ने अपनी जनजातीय पहचान, भाषा, गोत्र, सामाजिक परंपराएं, पारंपरिक नृत्य-संगीत और सांस्कृतिक विरासत का परित्याग नहीं किया। ईसाई आदिवासी आज भी उन जनजातीय परंपराओं और ⏭ शेष पेज 2 पर

ग्राम पंचायत जिरहुल के ग्रामीणों ने की तटबंध निर्माण की मांग

कुसमी। विकासखंड के ग्राम पंचायत जिरहुल के लेफुआटोली में ग्रामीणों ने नदी में तेज बहाव के कारण मिट्टी कटाव होने पर तटबंध निर्माण की मांग। ग्राम पंचायत जिरहुल के ग्रामीणों ने बताया कि लेफुआटोली से आराकोना मार्ग से क्षेत्र के लोग आवागमन करते है। ऐसे में लोगों के आने जाने के लिए एक पुलिया एवं तटबंध निर्माण की अति आवश्यकता है। ग्रामीणों ने पुलिया एवं तटबंध निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक नदी में बाढ़ के समय तेज पानी आने से खेत तक की मिट्टी का कटाव प्रति वर्ष होते जा रहा है। जबकि 10 आदिवासी परिवार भी घर बनाकर आराकोना में निवास कर रहे है। अपने खेतों में खेती करने के लिए हमेशा इस मार्ग से सभी लोग लेफुआटोली से आरा कोना बरसात के मौसम में भी आते जाते रहते है। वर्तमान समय में नदी में तेज पानी के बहाव के चलते खेतों की मिट्टी का कटाव हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा लेफुआटोली से आरा कोना पौड़ी नदी के किनारे आवागमन करने वाले रास्ते में पुलिया एवं तटबंध निर्माण कराने की मांग की गई है।

ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो रहा निराकरण

जशपुर। जिले के सभी विकासखंडों में सेवा सेतु शिविरों का आयोजन कर आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उनके गांव और पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जा रहा है।

■ शिविर में हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया

विभिन्न विभागों द्वारा सामग्री वितरण किया गया। सेवा सेतु शिविर में पेंशन, राशन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा गंभीरता से परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखंड के ग्राम कामारीमा तथा जनपद पंचायत कांसाबेल में सेवा सेतु शिविर का आयोजन ⏭ शेष पेज 2 पर



16 से शुरू होगा चार दिवसीय अक्स गरबा महोत्सव



गरबा डांस की प्रेक्टिस करती महिलाएं।

जशपुरनगर। शारदीय नवरात्र पर आयोजित होने वाला चार दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 16 अक्टूबर से शुरू होगा। आयोजन समिति अक्स के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा (गप्पू) ने बताया कि आयोजन की तैयारी में समिति के स्वयं सेवक पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए है।

■ अभ्यास सत्र में उत्साह से शामिल हो रहे प्रतिभागी

उन्होंने बताया कि इस साल समिति की ओर से लगातार 22 वें साल यह आयोजन किया जाएगा। इस साल भी यह आयोजन भक्ति रस से सराबोर रहेगी। आयोजन स्थल की साफ-सफाई और समतलीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। प्रतिभागियों और इसमें आने वाले दर्शकों की सुविधा के लिए आयोजन समिति की ओर से रोशनी,साउंड, पानी,पार्किंग और सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। संयोजक सुनिल सिन्हा,आशीष मिश्रा और सोनू ने बताया कि गरबा महोत्सव के लिए अभ्यास सत्र, शहर के श्री हरि कीर्तन भवन के प्रांगण में शुरू हो चुका है। इसमें शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को पंजिकरण कराना अनिवार्य होगा। अभ्यास सत्र शाम पांच बजे से रात के आठ बजे तक आयोजित किया जा रहा है। 200 रूपये पंजियन शुल्क जमा कर,प्रतिभागी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कदम ताल मिलाने का कर रहे अभ्यास

सीमा गुप्ता ने बताया कि प्रतिभागियों को गरबा नृत्य का प्रशिक्षण देने के लिए समिति ने किशोरी लाल बरेठा, गायत्री, वर्षा, मिष्टी, नमन, आकाश यादव, रोहित यादव, मोनी गुप्ता, प्रवीण सोनी की टीम बनाई है। यह टीम प्रतिभागियों को म्यूजिक के साथ कदम ताल मिलाने की तकनीकी बारिकियां सिखाने के साथ इसका अभ्यास भी करा रहे हैं।

12 पदक जीते, 9 स्वर्ण 3 कांस्य,राज्य में पदकों की चमक

राज्य में पदकों की चमक, अब राष्ट्रीय मंच पर दिखेगा जशपुर का दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण एवं 3 कांस्य पदक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 9 खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य एवं जशपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

■ खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे जिले-राज्य का प्रतिनिधित्व

प्रतियोगिता में हर्ष नागवंशी, रुद्र प्रताप सिंह, युवराज कुमार, अभिषेक कुजूर, हर्षित भगत, इशिका लकड़ा, निहारिका यादव, विक्की खलखो एवं आशू यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं शशांक लकड़ा, अंश एवं दिव्यंका साय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि में खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ प्रशिक्षक आशू यादव के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जशपुर जिले के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

9 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

जिला ताइक्वांडो फेडरेशन जशपुर के सचिव ने बताया कि जिले में खिलाड़ियों को निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नियमित प्रशिक्षण और अभ्यास के माध्यम से खिलाड़ियों की तकनीक एवं खेल कौशल को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम है कि जशपुर के खिलाड़ी लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर रहे हैं। इस बार 9 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन होना जिले के लिए गौरव की बात है।

निरंतर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण

उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें निरंतर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

खबर संक्षेप

इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम



अम्बिकापुर। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रेड रिबन क्लब एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान, अंगदान संकल्प, नशामुक्ति एवं एचआईवी जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम हुए। अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत डिगमा में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को एचआईवी के कारण, संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता समाज के स्वस्थ एवं सशक्त भविष्य की आधारशिला है। उन्होने अंगदान संकल्प की शपथ दिलायी। रक्तदान शिविर में छात्रों ने कुल 22 यूनिट रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक एवं चिकित्सा दल द्वारा रक्तदान के महत्व तथा रक्तदान से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में डॉ.प्रियांशा सिन्हा, डॉ.शारदा देवी भगत, श्रीमती अंजुला गौतम मिश्रा, आर्यन सिन्हा एवं श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव उपस्थित थे। समन्वयक महीधर दुबे ने एचआईवी के कारणों, संक्रमण के माध्यम तथा बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

शिविर में 108 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन



अम्बिकापुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में शनिवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशिबाला जायसवाल की उपस्थिति में अधिकारियों द्वारा स्वर्णप्राशन, संतुलित आहार, सुपोषण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.दीपा साहू ने 108 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया। डॉ.पवन कुमार गुप्ता ने 112 लोगों को सुपोषण की जानकारी दी। डॉ.सीमा मेहरा द्वारा श्रीअन्न की प्रदर्शनी लगाकर उसके लाभ के बारे में बताया गया। डॉ.विनोद सिंह पैकरा ने किया।

स्वर्गीय राम साय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ



कुसमी। हाई स्कूल खेल मैदान में जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज की मुख्य आतिथ्य में स्वर्गीय राम साय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में 54 टीमों ने हिस्सा लिया है। 3 अक्टूबर को मदगुरी एवं धनेशपुर के शुभारंभ मैच खेला गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ मैच में ही बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस दौरान जन्मजय सिंह, राकेश भारती, माधुरी लकड़ा, मो शमीम, दिलीप गुप्ता, इंद्र देव निकुंज, पारस पाल, सीजे प्रजापति, दीपक सिन्हा, धीरेन्द्र सिंह, संदीप भगत, बृजकिशोर भगत, धर्म जीत सहित अन्य मौजूद रहे।

फुटबॉल स्पर्धा में डोरा सुपर टाइगर, गड़गोड़ी महावीरगंज व बलरामपुर किंग्स ने जीता मैच



रामानुजगंज। स्वर्गीय सूर्य प्रकाश नेताम स्मृति दीन-हीन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित रामानुजगंज विधानसभा स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंतर्गत मंडल स्तरीय चयनित खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबला खेला गया। पहला मुकाबला धनपुरी और डोरा सुपर टाइगर के बीच खेला गया जिसमें डोरा सुपर टाइगर विजयी रही। दूसरा मुकाबला डोरा रॉयल और गड़गोड़ी महावीरगंज के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित समय तक दोनों टीमे बराबरी पर रहे। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें गड़गोड़ी महावीरगंज ने 2–1 से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला बलरामपुर किंग्स और चेरवाडीह सनावल के बीच खेला गया जिसमें बलरामपुर किंग्स ने 6 गोल से शानदार जीत हासिल की।

सेमी घोघरा जंगल में शव दफन करने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर अंतर्गत सेमी घोघरा जंगल में संदिग्ध रूप से गड्ढा खोदकर शव दफन किए जाने बात सामने आई है। बकरी चराने गए बच्चों ने कुछ लोगों को बोलेरो वाहन से आकर गड्ढा 5 फीट का गड्ढा खोदने और कुछ दफन करते हुए देखा था। मौके पर सफेद कपड़ा भी पड़ा मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। रविवार को दंडाधिकारी की मौजूदगी में गड्ढे को खोदकर देखा जाएगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार को बच्चे उदयपुर के सानी बर्रा घोघरा जंगल में बकरी चराने गए हुए थे।

बिना अनुमति तस्करों ने काट दिए आम के फलदार पेड़

क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध रूप से लकड़ी कटाई कर उसे पड़ोसी राज्यों में खपाने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। बारिश थमते ही अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर एक बार फिर क्षेत्र में सक्रिय हो गए है जो बिना अनुमति फलदार वृक्ष आम के विशालकाय पेड़ो को काट डाला। फल के साथ लोगों को कड़ी धूप में छत्रछाया देने वाले विशाल आम के पेड़ों की कटाई से लोग आक्रोशित है। क्षेत्र के लोगों ने अवैध कटाई के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए संबंधित अधिकारियों से पेड़ो की कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

खास बात
- ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

विदित हो कि क्षेत्र में लंबे समय से उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों से आने वाले अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों का बोलबाला है। लकड़ी तस्कर स्थानीय लोगों के साथ सांठगांठ कर भोलेभाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लेकर उनकी जमीन में लगे पेड़ो का औने पौने दामों में सौदा करते हैं। जिसके बाद पेड़ो की कटाई कर उसे यूपी, बिहार, बंगाल जैसे राज्यों में ले जाकर ऊंचे दामों में खपाते हुए मोटी कमाई करते हैं। मोटी कमाई का जरिया बन चुके लकड़ी के इस अवैध कारोबार में तस्करों का के गैंग क्षेत्र में सक्रिय हैं।जो घूम घूम कर लकड़ी की अवैध कटाई कर रहे हैं और उसे चोरी छिपे बाहर ले जाकर खपा रहे है। लकड़ी की खरीदी-बिक्री एवं कटाई ढुलाई के लिए शासन प्रशासन द्वारा कुछ नियम बनाये गए हैं। जिसके तहत एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर अनुमति प्राप्त करना होता है और अनुमति के बाद साल में केवल दस पेड़ काटने होते हैं। इस नियम के तहत लकड़ी तस्कर के इशारे पर किसान अपनी मजबूरी बताकर पेड़ कटाई की अनुमति पा लेते है। वैधानिक अनुमति मिलते ही लकड़ी तस्कर सारे नियमों को ताक पर रखकर दस पेड़ की जगह एक बार में ही सैकड़ो पेडों की कटाई कर डालते हैं। एक बार अनुमति मिल गई तो फिर दोबारा लेने की जरूरत नहीं पड़ती उसी अनुमति के साथ छेड़छाड़ कर पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी रहता है। बीते दिनों में क्षेत्र में पेड़ो की अवैध कटाई का आलम ये है कि कई गांवों में पेड़ पौधों के जो बगीचे हुआ करते थे वो अब पूरी तरह गायब हो गए। लकड़ी तस्करों ने स्थानीय लोगों को अपने पाले में लेते हुए पूरे का पूरा पेडों का बगीचा साफ कर दिया। बारिश के दौरान क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई की गतिविधियां काफी हद तक कम हो गई थी। लेकिन बारिश थमते ही अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों ने वापसी करते हुए क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई का काम शुरू कर दिया है। इस बार तस्करों ने मैनपाट के तराई गांव राजापुर से पेंट जाने वाली मेन रोड के किनारे लगे फलदार वृक्ष आम के विशालकाय पेड़ों को काट डाला। सूत्रों के अनुसार इसके लिए शासन प्रशासन से कोई वैध अनुमति नहीं ली गई थी। बगैर अनुमति के ही लकड़ी तस्करों ने अपने मंसूबों को अंजाम देते हुए आम के पेड़ो को काट डाला।इस बात की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और उन्होंने इसके विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए पेड़ो की अवैध कटाई की जांच एवं इसमे शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



काटे गए आम के पेड़।

पंचनामा के बाद लकड़ी को बीटगार्ड के हवाले

फलदार पेड़ आम की अवैध कटाई के विरुद्ध ग्रामीणों का आक्रोश एवं विरोध के बीच कार्रवाई करने हल्का पटवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद सरपंच उपसरपंच एवं ग्रामीणों के बीच पंचनामा तैयार कर बिना अनुमति काटी गई लकड़ी को वन विभाग के बीटगार्ड के हवाले कर दिया। अब इसमें देखने वाली बात ये है कि संबंधित विभागों के अधिकारी इस अवैध कटाई के विरुद्ध क्या कार्रवाई करते हैं।

नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

बिना अनुमति पेड़ो की कटाई करना गलत है। इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
-ऐश्वर्य चंद्राकर, एसडीओ फारेस्ट



तेजस्विनी राजमोहिनी देवी युवती सम्मेलन नगर में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा तेजस्विनी राजमोहिनी देवी युवती सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, परिषद वक्ता हेमपुष्पा भगत तथा विशिष्ट अतिथि सेविका समिति जिला कार्यवाहिका, कांसाबेल श्रीमती बैजन्ती सिंह उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य युवतियों को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त बनाने के साथ उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर छात्राओं के लिए डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आत्मरक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष सत्र आयोजित कर छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा आवश्यक सावधानियों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा प्रदर्शित करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस आयोजन के माध्यम से युवतियों को अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं क्षमता को पहचानने तथा समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

जनसमस्या निवारण एवं योजना शिविर में अलखडीहा सहित 15 ग्राम के ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार, जनसमस्या निवारण एवं योजना शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलखडीहा में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में अलखडीहा सहित 15 ग्राम के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में अलखडीहा, परती, लदकुड़, महंगई, कौड़ू, बाड़ीचलगली, झिंगों, उफिया, जिगड़ी, उलिया, पहाड़खडुवा, डांडखडुवा, महुडांड, बासेन और माकड़ के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में ग्रामीणों की ओर से कुल 15 मांग एवं शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों के निराकरण की प्रक्रिया शुरू की तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल की। शिविर में ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमिक एवं किसान हितैषी योजनाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं, आयुष्मान कार्ड, आवास, मनरेगा, कृषि एवं पशुपालन सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई। शिविर में जनपद पंचायत के सीईओ संजय दुबे, तहसीलदार प्रतीक जायसवाल, तहसीलदार नरेंद्र कंवर, एसडीओ आरईएस जानू राम सोनवानी, वन विभाग के रेंजर अजय वर्मा, जिला सदस्य रवि प्रताप मरावी, उदय यादव, जगवंशी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



पहली बार कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर होगी संभागस्तरीय रामचरितमानस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विजयादशमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरूवार को सरगुजा सेवा समिति एवं नागरिक समिति की बैठक हुई।

- सरगुजा सेवा समिति एवं नागरिक समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

बैठक में सर्वसम्मति से कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर संभाग स्तरीय मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में होती थी। सभागार में कम जगह होने के कारण कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मानस गायन प्रतियोगिता, महिला मनास मंडलियों की स्वतंत्र संभाग स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। पुरूष मंडलियों के साथ संभाग स्तरीय महिला मानस प्रतियोगिता पृथक से आयोजित होगी तथा दोनों वर्गों में श्रेष्ठ मंडलियों का चयन कर प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महिला मंडली का प्रथम पुरस्कार 11000 रूपए महापौर श्रीमती मंजूषा भगत तथा पुरूष मंडली का प्रथम पुरस्कार नरेन्द्र सिंह टुटेजा के सौजन्य से दिया जाएगा। शैला एवं सुगा लोकनृत्य की संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं भी अलग-अलग होंगी तथा दोनों ही विधाओं के नर्तल दलों को अलग-अलग प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बैठक में समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि विजयादशमी का पर्व संपूर्ण सरगुजा अंचल की सांस्कृतिक अस्मिता, अगाध जन-आस्था और सनातन गौरव का प्रतीक है। हम सभी को पूर्ण निष्ठा, नए उत्साह और एकजुटता के साथ आगे बढ़ना है ताकि महोत्सव को भव्य एवं व्यापक स्वरूप प्रदान किया जा सके। नागरिक समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि दशहरा आयोजन हेतु नागरिक समिति और सरगुजा सेवा समिति के मध्य यह संगठनात्मक एकता और आपसी तालमेल ही इस विराज आयोजन की वास्तविक शक्ति है। समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि इस बार विजयादशमी के अवसर पर खुले मंच पर मानस गायन व पारंपरिक लोकनृत्यों का संभाग स्तरीय समागम हमारी संगठनात्मक शक्ति को सुदृढ़ करेगा। भारत सिंह सिसोदिया तथा नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान सत्येंद्र तिवारी, दीपक सोनी, राजेश कश्यप, पापिन्दर सिंह, पीयूष कुमार त्रिपाठी, दुर्गेश गुप्ता, श्रीमती अरूणा सिंह, अरविंद सिंघानिया, श्रीमती शकुंतला पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, आकाश गुप्ता, प्रयागराज साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



विशेष ग्राम सभा में स्वच्छता का सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 3 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सरपंच, उप सरपंच, सचिव, पंच, अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ गांव को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने को लेकर सामूहिक संकल्प लिया गया।

- खुले में मवेशी छोड़ने पर जुर्माने का प्रस्ताव



राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जारी संकल्प प्रारूप के अनुसार ग्राम सभा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के पालन, कचरे के उचित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया। ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में सहयोग करने की बात कही। ग्राम सभा में घरों और संस्थानों से निकलने वाले कचरे को गीला, सूखा, सेनेटरी तथा विशेष देखभाल वाले कचरे में अलग-अलग रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। खुले में कचरा फेंकने और कचरा जलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने का संकल्प लिया गया। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित सेग्रीगेशन शेड, कंपोस्ट पिट, कचरा संग्रहण वाहन और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था के संचालन एवं रख-रखाव में ग्रामीणों से सहयोग करने की बात कही। घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए पंचायत द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने पर भी जोर दिया गया।

सड़क पर मवेशी छोड़ने वालों पर जुर्माने का प्रस्ताव

विशेष ग्राम सभा में सड़कों पर खुले में मवेशी छोड़ने की समस्या को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़कों पर आवारा अथवा खुले छोड़े गए मवेशियों के कारण आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मवेशियों द्वारा खेतों में प्रवेश करने से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचने की समस्या भी सामने आती है। ग्राम सभा में खुले में मवेशी छोड़ने वाले पशु मालिकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए मवेशियों की पहचान चिन्हांकन कर मवेशी मालिकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई का प्रावधान करने का प्रस्ताव रखा गया। पंचायत स्तर पर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि सड़कों पर मवेशियों के विचरण और उससे होने वाली दुर्घटनाओं तथा फसल नुकसान की समस्या पर अंकुश लगाया जा सके।

हर पात्र नागरिक का नाम सूची में हो, इस लक्ष्य को पूरा करने मे जिलेवासी बने सहभागी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत जिले में मतदाता सूची से छूटे नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता पंजीयन एक सतत प्रक्रिया है। जिन पात्र व्यक्तियों के नाम अब तक दर्ज नहीं हुए हैं या किसी कारणवश सूची से हट गए हैं, वे किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं। अभियान का उद्देश्य ऐसे नागरिकों की पहचान कर उन्हें पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराना है।



अभियान अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी वर्तमान मतदाता सूची का एसआईआर पूर्व की सूची से मिलान कर उन मतदाताओं की सूची तैयार करेंगे, जिनके नाम पहले दर्ज थे किंतु अब शामिल नहीं हैं। बीएलओ घर-घर जाकर इनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन करेंगे और पात्र पाए जाने पर फॉर्म-6 भरवाएंगे। प्रत्येक बीएलओ सप्ताह में कम से कम 20 से 25 मतदाताओं से संपर्क करेगा, जिससे यह कार्य लगभग एक माह में पूर्ण हो सके। भ्रमण के दौरान नए युवा मतदाताओं का पंजीयन भी कराया जाएगा। बूथ स्तर पर शिविरों के साथ रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों तथा बेघर एवं वंचित वर्गों के लिए विशेष शिविर भी आयोजित होंगे।

पृष्ठ 1 का शेष

दिवंगत पुलिसकर्मियों के...

आरक्षक स्वर्गीय बलपंथ राम के पुत्र टीकेश रवि को आरक्षक जीडी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिजन एक परिवार की तरह हैं। विभाग के किसी सदस्य के असमय निधन से उसके परिवार पर आने वाली कठिन परिस्थितियों में पुलिस परिवार उनके साथ खड़ा है। अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य आश्रित परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करते हुए उन्हें आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराना है। इस दौरान पुलिस कप्तान ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

करम-नवाखानी पर्व...

सांस्कृतिक पर्वों को मनाते हैं, जो उनकी ईसाई आस्था के प्रतिकूल नहीं हैं। महासभा ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया कि इस विषय में प्राप्त शिकायतों पर निष्पक्ष एवं तथ्यपरक दृष्टिकोण अपनाया जाए, सभी समुदायों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा ईसाई आदिवासी समुदाय के संवैधानिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक अधिकारों की रक्षा के साथ जिले में शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर ईसाई आदिवासी महासभा छत्तीसगढ़ के महासचिव अभिनन्द खलखो, सलाहकार गोस्नार टोप्पो, कोषाध्यक्ष दिनेश कुजूर, सदस्य प्रदीप खेस, अलबिस खाखा, यूजिन मिंज तथा मीडिया प्रभारी आश्रित खेस सहित महासभा के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

ग्रामीणों की समस्याओं...

किया गया। शिविर में श्रम विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए दूरस्थ कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हाथी, बढ़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शावक की करंट से मौत होने के बाद उदयपुर जंगल में भ्रमण कर रहा हाथियों का दल काफी आक्रामक हो गया है। शाम ढलने के बाद हाथी 7-8 दलों में विभक्त होकर अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच जा रहे हैं जिससे क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है।

उदयपुर जंगल में पिछले दो महीनों से हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। दो दिन पूर्व करंट से एक शावक की मौत होने के बाद हाथी काफी आक्रामक हो गए हैं जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। शाम ढलते ही करमकटरा जंगल से निकलने के बाद भोजन की तलाश में हाथी अलग-अलग दलों बंटकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच जा रहे हैं। हाथी कभी पांच दलों में तो कभी 8 दलों में बंट जा रहे हैं। बीती रात 27 हाथी 7 दलों में बंटकर अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच गए थे। दल का एक दंतैल ब्लॉक मुख्यालय उदयपुर से सटे अलकापुरी जंगल में पहुंच गया था। धान की फसल तबाह करने के बाद दंतैल एनएच 130 पर पहुंच गया। वनकर्मियों के कड़ी मशक्कत के बाद दोनों ओर से वाहनों का आवागमन रोका तथा दंतैल को जंगल की ओर खदेड़ा। इस दौरान हाथियों का अलग-अलग दल ग्राम महेशपुर, जजगा, घुईडीह, रामनगर, पतरापारा, जगन्नाथपुर एवं ससकालो में मौजूद था। हाथियों ने पूरी रात धान की फसल को रौंदते रहे। बीती रात हाथियों ने 10 किमी वर्ग किसी क्षेत्र में भ्रमण कर दर्जनों किसानों की धान की फसल को तबाह किया। रात में हाथियों के अलग-अलग दलों में बंटने से स्थिति चुनौतीपूर्ण बन गई है। वनकर्मियों की अलग-अलग टीमें पूरी रात विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों की निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की सूचना देते रहे।





दृश्यम 3: बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका...

मुंबई। अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' ने सिनेमाघरों में आते ही बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान मचाया है कि बड़े-बड़े रिकॉर्ड पीछे छूट गए। अभिषेक पाठक के डायरेक्शन में बनी 'दृश्यम 3' 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर रिलीज हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन भारत में 66.75 करोड़ रुपए नेट कलेक्शन किया है। वहीं इसका इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। विदेशों में फिल्म ने करीब 15 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस तरह फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन पहले दिन ही 95.10 करोड़ रुपए हो गया।

लाइफ Style

यामी

पॉजिटिव रिस्पॉन्स से खुश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ती जा रही है। दशहरा के मौके पर 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर के ट्रेलर को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पॉन्स से एक्ट्रेस भी काफी खुश हैं।

इसी बीच यामी अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचीं, जहां फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। फिल्म में फैंटेसी, ह्यूमर और एक्शन के साथ भारतीय परिवारों से जुड़े कई ऐसे पहलुओं को दिखाया गया है, जिनसे दर्शक खुद को जोड़ सकेंगे। पटना पहुंचने पर यामी गौतम धर का फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों से मिले प्यार को देखकर काफी खुश नजर आईं। इस दौरान उन्होंने फैंस के साथ फिल्म के ट्रेलर को मिल रहे रिस्पॉन्स का जश्न मनाया और उनका आभार जताया। 'नई नवेली' के ट्रेलर में यामी एक अलग और पहले से हटकर अंदाज में नजर आ रही हैं, जिसे लेकर दर्शकों के बीच फिल्म को देखने की उत्सुकता बनी हुई है।

फिल्म प्रमोशन के बीच यामी गौतम धर ने पटना साहिब गुरुद्वारे में भी मत्था टेका। यहां उन्होंने कुछ वक्त शांति के साथ बिताया और फिल्म की रिलीज से पहले आशीर्वाद लिया। पवित्र स्थल पर पहुंचकर यामी ने आभार व्यक्त किया। पटना दौरे के दौरान एक्ट्रेस का फैंस के साथ जुड़ना और गुरुद्वारे में दर्शन करना उनके प्रमोशनल सफर का खास हिस्सा रहा।



हॉलीवुड मसाला



कानूनी पचड़े में फंसी सिंगर...

लॉस एंजेलिस। मशहूर ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगा है। यह आरोप उनके गाने 'आई हैव सीन इट' को लेकर लगाया गया है। इसे लेकर वे कानूनी मुसीबत में घिर गई हैं। ओलाविया पर आरोप है कि उन्होंने बिल विथर्स के गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' की नकल की है। सिंगर ओलिविया डीन पर एक म्यूजिक पब्लिशर ने आरोप लगाया है कि 'आई हैव सीन इट' गाने में बिल विथर्स के 1981 के मशहूर गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस के कुछ हिस्सों की नकल की गई है।



वर्ल्ड वॉर जेड के सीक्वल की तैयारी

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रैड पिट के फैंस के लिए खुशखबरी है। उनकी 2013 की सुपरहिट हॉरर-एक्शन फिल्म 'वर्ल्ड वॉर जेट' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। ब्रैड पिट एक बार फिर जॉम्बीज से जंग लड़ते नजर आने वाले हैं। 62 साल के एक्टर इस फिल्म में एक बार फिर गेरी लेन के किरदार में वापसी करेंगे। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट' और 'कॉनस्लेव' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर एडवर्ड बर्गर इसकी कमान संभालेंगे। पैरामाउंट पिक्चर्स इस लंबे समय से अटके प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। 'वर्ल्ड वॉर जेड' के सीक्वल का सफर काफी लंबा रहा है। इससे पहले डेविड फिंचर के साथ फिल्म का एक वर्जन तैयार किया जा रहा था, लेकिन 2019 में वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



कोमल रानी ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। एक्टर गोविंदा और एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार इन दिनों अपने कथित अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है, जिसके बाद उनके अफेयर की चर्चाएं तेज हो गईं। इस मामले में दिव्या खोसला और कश्मीरा शाह समेत कुछ सेलेब्स ने भी सुनीता आहूजा का सपोर्ट करते हुए कोमल रानी पर सवाल उठाए थे। अब एक्ट्रेस ने पहली बार इन तमाम बातों पर खुलकर जवाब दिया है। कोमल रानी ने गोविंदा के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'रूपा' का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों का साथ नजर आना काम का हिस्सा है। कोमल रानी ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि वह और गोविंदा साथ काम कर रहे हैं और आगे भी साथ नजर आएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर किसी को इससे परेशानी है तो वह जल सकता है।



अर्जुन की थ्रिलर फिल्म का हुआ ऐलान

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने 'धुरंधर' में मेजर इकबाल का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब उनके चाहने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, एक्टर की नई थ्रिलर फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम '3 मंकीज' है। फिल्म में अर्जुन रामपाल के साथ विशाल जेठवा, मुस्तफा बर्मावाला और तेनजिन दल्हा भी नजर आने वाले हैं और इसका निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया है। '3 मंकीज' का कैंपेन 'थ्री वाइज मंकीज' की मशहूर सोच को आज के समय के हिसाब से नए अंदाज में पेश करता है। मोशन पोस्टर में फिल्म के मुख्य किरदारों की झलक दिखाई गई है, लेकिन कहानी को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।'3 मंकीज' को अल्लारखा वोहरा, फारूक वोहरा और सईद वोहरा ने प्रोड्यूस किया है।

टीवी मसाला

अफवाहें फैलाने वालों पर तंज बोलीं- मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं

मुंबई। शहनाज गिल अपने बेबाक और मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर फैंस के बीच काफी दिलचस्पी रहती है। यही वजह है कि उनके बारे में अक्सर अफवाहें और कई तरह की खबरें सामने आती रहती हैं। कभी उनके लिंकअप की खबरें आती हैं तो कभी उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। हालांकि, शहनाज इन बातों को गंभीरता से लेने के बजाय मजाकिया अंदाज में जवाब देती हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान शहनाज ने अपने बारे में छपने वाली खबरों और सुर्खियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वह समझ सकती हैं कि ऐसी खबरें बनाने वालों का मकसद क्या होता है। शहनाज के मुताबिक, लोगों को खबरें बेचने के लिए कभी-कभी खराब या चटपटी हेडलाइन का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, जो लोग हेडलाइन बनाते हैं, मैं उनका इरादा समझ सकती हूं। उन्हें व्यूज चाहिए, वरना वो बेचारे न्यूज कैसे बेचेंगे अगर खराब हेडलाइन नहीं लगाएंगे। अगर मेरी जुबान फिसल गई और वो हेडलाइन बन गई, तो मैं बस दुआ करती हूं कि बेचारे को मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं। इतनी अच्छी बातों से तो कुछ फायदा नहीं हुआ है, पर किसी का तो भला हो।"





5 साल बाद पर्दे पर की वापसी

मुंबई। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं। वह फिल्ममेकर कपिल कौस्तुभ शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' में नजर आएंगी। फिल्म में तनीषा ऐसा किरदार निभा रही हैं, जो जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है। फिल्ममेकर कपिल ने तनीषा की तारीफ करते हुए कहा कि इस किरदार के लिए उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत थी, जो कहानी में भावनाओं की गहराई और संवेदनशीलता ला सके। कपिल कौस्तुभ शर्मा ने कहा, तनीषा एक ऐसी एक्टर हैं, जिनमें एक खास तरह की भावनात्मक समझ है और इस किरदार के लिए यह बहुत जरूरी थी। कहानी जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से होकर गुजरती है और मैं चाहता था कि इस सफर को कोई पूरी ईमानदारी और गहराई के साथ पर्दे पर उतारे। 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' की कहानी मुंबई की पारसी कम्युनिटी के बीच सेट है। फिल्म 1990 के दशक से लेकर साल 2025 तक का दौर दिखाती है। इसमें रोमांस, ह्यूमर और इमोशन्स का मेल देखने को मिलेगा।

'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। परिणीति चोपड़ा एक इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर में नजर आने वाली हैं। थ्रिलर फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर अब आ गया है। ध्रुव त्रिपाठी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म अवैध रेत खनन पर आधारित है और फिल्म में एक रिपोर्टर और उसके कैमरामैन की कहानी देखने को मिलेगी, जिन्हें एक दुखद घटना की जांच के दौरान एक खौफनाक सच्चाई का पता चलता है। मेकर्स ने हाल ही में 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर जारी किया है। 2 मिनट 2 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक जानलेवा घटना के साथ होती है, जो एक महत्वाकांक्षी रिपोर्टर संध्या और उसके कैमरामैन विनोद का ध्यान अपनी तरफ खींचती है। फिल्म में पत्रकार की भूमिका में परिणीति चोपड़ा और कैमरामैन के रोल में देवेन भोजानी नजर आएंगे। दोनों अवैध रेत खनन से जुड़ी दुखद घटना की जांच में लगे होते हैं और जैसे-जैसे वह मामले की गहराई में जाते हैं और ताकतवर लोगों से सवाल-जवाब करते हैं, हालात खतरनाक हो जाते हैं। हर एक जवाब एक नया सवाल खड़ा करता है, जिससे दोनों और अधिक जोखि में फंसते जाते हैं।



'मैं ना रहा मेरा' का नया गाना रिलीज

मुंबई। फिल्म 'मैं ना रहा मेरा' के मेकर्स ने इसका नया गाना 'शायद' रिलीज कर दिया है। अध्ययन सुमन और दिविता राय पर फिल्माए गए इस गाने को रेखा भारद्वाज ने अपनी आवाज दी है। रेखा भारद्वाज ने बताया कि इस गाने की सबसे खास बात उन्हें इसकी सादगी लगी। 'शायद' के बारे में बात करते हुए रेखा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए यह गाना शब्दों के पीछे छिपी भावनाओं को समझने के बारे में है। गाने के बोल में एक खास तरह की संवेदनशीलता है और राहुल नायर की धुन उस भावना को खुलकर सामने आने की जगह देती है। मैं चाहती थीं कि मेरी आवाज ऐसी लगे जैसे कोई व्यक्ति सच में अपने दिल की बात कह रहा हो। मुझे खास तौर पर गाने की सादगी काफी पसंद आई है। इसी सादगी की वजह से गाना असरदार तरीके से बन पाया है। उन्होंने कहा, गाना उन भावनाओं को सामने लाता है जिन्हें अक्सर शब्दों में कहना आसान नहीं होता। प्यार के साथ आने वाली अनिश्चितता, किसी के लिए तड़प और दिल की कमजोरी को गाने में बेहद सहज तरीके से दिखाया गया है।



फ्रीडा ने दी करियर बदलने की सलाह

मुंबई। हरलीन सेठी के एक्टिंग करियर की शुरुआत डांस से हुई। वह डांस करती थीं और सिखाती भी थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात 'स्लमडॉग मिलेनियर' फेम अभिनेत्री फ्रीडा पिंटो से हुई। फ्रीडा ने हरलीन से डांस की कुछ पर्सनल क्लासेस ली थीं। इसी दौरान उन्होंने हरलीन से एक्टिंग में आने के बारे में पूछा। फ्रीडा उस वक्त फिल्म 'डेजर्ट डांसर' की तैयारी कर रही थीं। उन्हें अपने बॉडी मूवमेंट और परफॉर्मेंस पर काम करना था। इसके लिए उन्होंने हरलीन से ट्रेनिंग ली। हरलीन ने बताया।

बॉक्स ऑफिस पर मनेगी दिवाली, सिनेमाघरों में धमाका करेंगी ये फिल्में

साल 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया। कई रिकॉर्ड हासिल करने के बाद यह कमाई के मामले में हिंदी भाषा की नंबर 1 फिल्म बन चुकी है। अगस्त में रिलीज हुई बेहद कम बजट की 'हनुमान अंश' ने तो चौंका ही दिया है। साल अभी खत्म नहीं हुआ है। पिक्चर अभी बाकी है। शेष तीन महीनों- अक्टूबर-नवंबर और दिसंबर में कई और बड़ी फिल्में रिलीज की कतार में हैं।

उड़ता तीर
रिलीज डेट: 9 अक्टूबर

आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, राहुल बोस और राम कपूर जैसे सितारों से सजी यह फिल्म अपने ट्रेलर रिलीज के बाद खूब चर्चा में है। यह एक स्पाई कॉमेडी फिल्म है। आयुष्मान खुराना पाकिस्तानी जासूस की भूमिका में है।

'प्रहार: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ उज्जवल निकम'
रिलीज डेट: 16 अक्टूबर

राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता फिल्म में भारत के एक मशहूर और जाने-माने विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम की मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा, ललित प्रभाकर आतंकवादी कसाब के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों पर आधारित है। अविनाश अरुण निर्देशित यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



नई नवेली : अक्टूबर में दशहरे पर यामी गौतम एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज देने वाली हैं। उनकी फिल्म 'नई नवेली' फैमिली ड्रामा से भरपूर है। इसमें हॉरर का तड़का है। आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान बालाजी मोहन ने संभाली है।

पायर : नेशनल अवॉर्ड विजेता विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' अब सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। उत्तराखंड में शूट हुई यह फिल्म एक बुजुर्ग दंपति के प्यार, अकेलेपन और बच्चों के पलायन के बाद उनके इंतजार की कहानी दिखाती है। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को रिलीज होगी।

काली खेती : जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अभिनीत फिल्म 'काली खेती' भी रिलीज की कतार में है। यह एक रूरल हॉरर फिल्म है। फिल्म के निर्देशक और लेखक हारिस इम्तियाज खान हैं। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिल्म रिलीज डेट: 23 अक्टूबर।

रामायण पार्ट 1 : यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। नितेश तिवारी की यह मेगा बजट फिल्म दिवाली के अवसर पर इस साल दस्तक देने जा रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं। साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। रवि दुबे लक्ष्मण बने दिखेंगे। रिलीज डेट: 6 नवंबर 2026।

ये प्रेम मोल लिया : सूरज बड़जात्या पारिवारिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अनुपम खेर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। रिलीज डेट: 27 नवंबर।

ईठा : श्रद्धा कपूर अभिनीत इस फिल्म की भी काफी चर्चा है। यह इस साल दिसंबर में दस्तक देगी। इसका टीजर काफी पसंद किया गया। फिल्म 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी सामज्ञी कलाकार विठाबाई नारायणगावकर के जीवन पर आधारित है। श्रद्धा इस फिल्म में बिठाबाई के किरदार में नजर आएंगी। रिलीज डेट: 04 दिसंबर।

खबर संक्षेप

प्रवेश के लिए 6 को होगी काउंसलिंग

रायगढ़। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यार्थी उड़ान योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों की काउंसलिंग 6 अक्टूबर 2026 को आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग का आयोजन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला रायगढ़ कार्यालय में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। चयनित विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग के दौरान कक्षा 4वीं एवं कक्षा 5वीं की अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित तिथि और समय पर विद्यार्थी या पालक के उपस्थित नहीं होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित की होगी।

चंद्रपुर नपं में लगा स्वास्थ्य शिविर

चंद्रपुर। सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत नगर पंचायत चंद्रपुर में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सीएमओ मोहन विश्वकर्मा की निगरानी में आयोजित शिविर में 75 हितग्राहियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयों का लाभ लिया। वहीं 34 मरीजों की सीबीसी, शुगर, थायराइड सहित अन्य लैब जांच की गई। जांच के बाद चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श देकर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर काजल साहू ने बताया कि चंद्रपुर क्षेत्र में अब तक 526 स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं, जिनमें 33 हजार 902 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं।

स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

रायगढ़। महात्मा गांधी जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत नौरंगपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत में स्वच्छता कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहीं स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वच्छता अभियानों में उनके योगदान को देखते हुए उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक जांच की गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भ्रमण किया। यहां उन्हें प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण, प्रबंधन और रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों ने फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने अपशिष्ट और मल उपचार की वैज्ञानिक एवं आधुनिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा। इस अवसर पर ग्रापं नौरंगपुर की सरपंच श्रीमती मीना पद्मलोचन पटेल सहित ग्रामीणजन, विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षकगण तथा स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

300 रूपए निकाले, पति ने पत्नी से की मारपीट

सारंगढ़। घरेलू खर्च के लिए अपने खाते से महज 300 रुपये निकालना एक महिला को भारी पड़ गया। पैसे निकालने की बात को लेकर पति ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे महिला को गंभीर चोंटे आई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले की विववेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोडम निवासी फुलेश्वरी साहू ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2015 में उसका विवाह सामाजिक रीति-रिवाज से टोपेन्द्र साहू के साथ हुआ था। दोनों के तीन बच्चे हैं। उसका पति आए दिन घरेलू बातों को लेकर विवाद करता है। बीती शाम करीब 4 से 5 बजे फुलेश्वरी ने घरेलू खर्च के लिए गांव के च्वाइस सेंटर से अपने बैंक खाते से 300 रुपये निकाले थे। घर पहुंचने के बाद पति टोपेन्द्र ने बिना बताए खाते से पैसे निकालने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया।

गोवर्धनपुर पुल, मरीन ड्राइव व ऑक्सीजोन समेत कई परियोजनाओं का किया निरीक्षण

विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर वित्त मंत्री नाराज, तय होगा मंथली टारगेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने शनिवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने राजीव नगर दूध डेयरी ऑक्सीजोन, गोवर्धनपुर पुल, बेलादुला मरीन ड्राइव, रपटा-स्टाफ डैम तथा एसईसीएल मरीन ड्राइव और पुलिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को जरूरी निर्देश दिए।

गोवर्धनपुर पुल के निर्माण की धीमी रफ्तार पर ओपी चौधरी ने नाराजगी जताते हुए सेतु विभाग के इंजीनियरों को हर महीने का लक्ष्य तय कर उसकी समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने पुल निर्माण के साथ सड़क निर्माण और विद्युत पोल शिफ्टिंग का काम भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि बारिश के बाद निर्माण के लिए अनुकूल मौसम का अधिकतम उपयोग करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। बेलादुला मरीन ड्राइव में रपटा और स्टाफ डैम निर्माण को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए। वहीं एसईसीएल मरीन ड्राइव और पुलिया के निरीक्षण के दौरान ड्राइंग-डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा करने पर जोर दिया गया। नदी के बीच वॉकवे की संभावनाओं को देखते हुए इसका प्लान तैयार करने तथा मरीन ड्राइव को मुख्य सड़क और हाईवे से जोड़ने के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। इस निरीक्षण के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, सेतु विभाग और एसईसीएल के अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, इंजीनियर, स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ऑक्सीजोन सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा

राजीव नगर ऑक्सीजोन सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए मंत्री ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम में तेजी लाने और नियमित निगरानी करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं करने तथा बेहतर निर्माण सामग्री के उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पंचपारा में ब्लाक स्तरीय चित्रकला और भाषण स्पर्धा



रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पंचपारा में विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी तथा शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार चित्रों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की और निरंतर मेहनत करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने रायगढ़ में नर्सिंग कॉलेज, संगीत महाविद्यालय और नालंदा परिसर जैसी सुविधाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से इनका लाभ लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकुलों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बाड़ोली के ग्रामीणों ने जताया आभार

पुसौर। महानदी तटीय गांव बाड़ोली के ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न मांगों को स्वीकृति मिलने पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया है। ग्रामीणों के अनुसार कुछ माह पहले मंत्री चौधरी ने महानदी तटीय क्षेत्रों का जनसंपर्क किया था। इस दौरान बाड़ोली सहित आसपास के ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित मांगें उनके समक्ष रखी थीं। ग्रामीणों की प्रमुख मांग नदी किनारे बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत भवन निर्माण की थी। इसके लिए 50 लाख रुपये की लागत से भवन की स्वीकृति दी गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक भवन का निर्माण अब अंतिम चरण में है। बाढ़ के दौरान इस भवन का उपयोग प्रभावित लोगों को सुरक्षित ठहराने के लिए किया जा सकेगा।



पुसौर में नेत्र जांच शिविर साढ़े तीन हजार की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा को जनभागीदारी से जोड़ते हुए सेवा मेरा योगदान के तहत पुसौर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग नेत्र जांच के लिए पहुंचे। शिविर में 3 हजार 493 लोगों की नेत्र जांच की गई तथा जांच के बाद 3 हजार 165 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वहीं करीब 800 लोगों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में लोगों की सुविधा के लिए 14 पंजीयन काउंटर बनाए गए थे। पुरुष एवं महिलाओं के लिए पृथक पंजीयन की व्यवस्था रही। 10 से अधिक नेत्र विशेषज्ञों के साथ 38 नेत्र सहायकों ने जांच कार्य में सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम सुबह 9 बजे से लगातार सेवाओं में जुटी रही। एनएसएस एवं स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने वालंटियर के रूप में लोगों को पंजीयनए जांच और चश्मा वितरण तक पहुंचाने में सहयोग किया। शिविर में आने वाले लोगों के लिए छाया, पेयजल, भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने शिविर का अवलोकन किया और नेत्र जांच, चश्मा वितरण सहित उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आंखों की समय पर जांच बेहद जरूरी है। विशेषकर बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्या कई बार समय पर सामने नहीं आती, जिसका असर उनकी पढ़ाई पर पड़ सकता है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें भी 12वीं कक्षा तक अपनी आंखों की कमजोरी का पता नहीं चला था। बाद में जांच कराने पर चश्मे की जरूरत सामने आई। उन्होंने कहा कि बीमारी के लक्षण सामने आने का इंतजार करने के बजाय समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की आदत विकसित करनी चाहिए।

जनसमस्याओं का समाधान करने घरघोड़ा में जुटा प्रशासन

घरघोड़ा। आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित निराकरण की दिशा में शासन के सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत घरघोड़ा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिला।

शिविर में राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगरवासियों ने व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन



प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने आवेदनों की जानकारी लेते हुए समस्याओं को समझा और नियमानुसार निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, एल्डरमेन उरांव सहित पार्षदगण भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं तथा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जनहित से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई पर जोर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की सेवाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनता अपनी समस्या लेकर आती है तो उसकी बात सुनना और समाधान तक पहुंचाने का प्रयास करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।

बाइक ने सामने से मारी टक्कर, घायल

सारंगढ़। अपना काम खत्म कर घर लौट रहे एक युवक को सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में युवक दाहिना का हाथ टूट गया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ धारा 281, 125(ए) के तहत अपराध पंजीबद्धत्र करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघनपुर (ब) निवासी महादेव लहरे पेशे से राजमिस्त्री है। बीते दिनों वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एजे 5060 से किसी काम के सिलसिले में ग्राम मेढ़ापाली गया हुआ था। काम खत्म करने के बाद शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच वापस लौटते समय ग्राम तिलाईमुड़ा मेन रोड पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एवाई 1805 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए गलत साइड में आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में महादेव का दायां हाथ टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं।

बुनकरी प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं सपेरा बस्ती की महिलाएं

सारंगढ़। जिले के भीखमपुरा की सपेरा बस्ती की महिलाओं को हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल रंग ला रही है। जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत महिलाएं करघे पर साड़ी और गमछा बुनने का प्रशिक्षण ले रही हैं। शुरुआत में प्रशिक्षण को लेकर झिझकने वाली महिलाएं अब आत्मविश्वास के साथ बुनकरी सीख रही हैं।



राज्य शासन की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की मंशा के अनुरूप कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत कौशली साड़ी बुनकर प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कंडोला में 31 अगस्त से शुरू प्रशिक्षण समृद्धि वीवर्स पंचधार के सहयोग से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए पहले 35 महिलाओं का समूह बनाया गया था। बुनकरी सीखने की इच्छा जताने पर पांच और महिलाओं को जोड़ा गया, जिससे अब कुल 40 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इनमें भीखमपुरा की सपेरा बस्ती की 12 महिलाएं शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान अब तक एक साड़ी और चार गमछे तैयार किए जा चुके हैं। इनमें तीन विधवा महिलाएं भी हैं, जो पहले मजदूरी कर जीवनयापन करती थीं। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं को कौशल और आजीविका से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को उत्पादन और बाजार से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास होंगे। ज्योति पटेल ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें अवसर, मार्गदर्शन और विश्वास देने की है।

घोषणा के तीन माह बाद भी एनएचएम कर्मियों के 33 दिन के वेतन का इंतजार

रायगढ़। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के 33 दिनों की हड़ताल अवधि के वेतन भुगतान का मामला अब भी लंबित है। एनएचएम कर्मचारी संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री ने बीते 13 जून को रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में हड़ताल अवधि के वेतन भुगतान की घोषणा की थी। संघ के मुताबिक घोषणा को करीब तीन माह बीतने के बाद भी इस संबंध में आदेश जारी नहीं हुआ है और कर्मचारियों को भुगतान नहीं मिल सका है। संघ ने प्रशासनिक स्तर पर हो रही देरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मचारियों को यह स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है कि भुगतान संबंधी प्रक्रिया किस स्तर पर लंबित है और आदेश जारी होने में कितना समय लगेगा। संघ का कहना है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों के लिए लंबित भुगतान चिंता का विषय बना हुआ है। एनएचएम कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष शकुंतला एक्का ने कहा कि जिले में कर्मचारियों की उपस्थिति की आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के माध्यम से सख्ती से निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। बीते जनवरी 2026 से वेतन देयक 16 से 15 तारीख की अवधि में प्रस्तुत किए जाने के बावजूद कर्मचारियों को हर माह करीब 15 से 20 दिन की देरी से वेतन मिल रहा है।

दनसरा में जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर 907 सेवाओं की सुविधा एक ही स्थान पर

सारंगढ़। सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दनसरा में जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली।

शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, मत्स्य पालन, पंचायत, आयुष सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। सेवा सेतु के माध्यम से नागरिकों को 907 प्रकार की सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र, आधार अपडेट एवं पंजीयन सहित विभिन्न सेवाओं के आवेदन लिए गए। करीब 142 जाति एवं निवास संबंधी प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गई। स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 125 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। टीबी जांच के लिए डिजिटल चेस्ट एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध रही। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान



कार्ड बनाए गए तथा टीबी मरीजों को निक्षय मित्र किट वितरित की गई। स्वास्थ्य अमले ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण एवं पौष्टिक आहार पर प्रदर्शनी लगाई। तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। एक बालिका का जन्मोत्सव भी केक काटकर मनाया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विवाह पंजीयन, वृद्धावस्था पेंशन, निवास एवं आय प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राजस्व विभाग ने खसरा, बी-1 एवं आबादी पट्टा वितरित किया। मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने के जाल और आइस बॉक्स दिए। कृषि विभाग की किसान समृद्धि योजना के तहत दो हितग्राहियों को कुल 43 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि सेवा सेतु के माध्यम से अनेक नई सेवाओं को जोड़ा गया है।

ग्रामीणों को आवश्यक शासकीय सेवाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

कोसीर-बटाऊपाली सहित आसपास के गांवों में उत्साह से मनाई गई गांधी जयंती

कोसीर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को कोसीर, बटाऊपाली सहित आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल रहा। शासन के निर्देशानुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिला-पुरुष, युवा एवं पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।



कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। ग्राम सरपंच ने गांधीजी के जीवन, उनके विचारों एवं सादगीपूर्ण जीवनशैली पर प्रकाश डाला। ग्राम सभा के दौरान ग्राम सचिव ने पंचायत में अब तक किए गए विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष रखी। साथ ही आगामी समय में प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में गांव की विभिन्न समस्याओं, मूलभूत आवश्यकताओं एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव ग्राम सभा के समक्ष रखे। कोसीर के मां कौशलेश्वरी मंदिर परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर गांधी जयंती मनाई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, पंचायत प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

जीएम निरीक्षण पर पहुंचे खरसिया नगरवासियों ने गिनाई समस्या

खरसिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश एक दिवसीय निरीक्षण पर खरसिया रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट-मुलाकात की। वहीं रेलवे सलाहकार समिति खरसिया के सदस्यों, नगरवासियों, पत्रकारों, भाजपा नेताओं एवं चैंबर के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर रेलवे स्टेशन की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। खरसिया रेलवे स्टेशन में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि एक मालगाड़ी के गुजरने के बाद रेलवे फाटक का गेट तत्काल नहीं खोला जाता, बल्कि दूसरी मालगाड़ी के आने का इंतजार किया जाता है। जबकि एक मालगाड़ी के गुजरने के बाद दूसरी मालगाड़ी के आने में काफी समय रहता है। इससे क्षेत्रवासियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने इस व्यवस्था में सुधार की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि खरसिया रेलवे स्टेशन पर निर्मित सीढ़ियों में चढ़ाव अधिक होने के कारण बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमार एवं अशक्त यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर अथवा लिफ्ट का निर्माण कराने की मांग की गई।

